# राष्ट्र निर्माण में आईआईटी की भूमिका पर संबोधित करेंगे डॉ. काकोड़कर

सिटी रिपोर्टर | इंदौर

भारत के परमाणु कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले ख्यात परमाणु वैज्ञानिक पद्म विभूषण डॉ. अनिल काकोड़कर शुक्रवार को शहर में



होंगे। वे इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी में आयोजित पब्लिक लेक्चर सीरीज़ के तहत स्टूडेंट्स को संबोधित करेंगे। भाभा एटॉमिक रिसर्व सेंटर के प्रमुख रह चुके डॉ. काकोड़कर राष्ट्र निर्माण में आईआईटी जैसे संस्थानों की भूमिका पर अपनी बात रखेंगे। वे टेक्नोलॉजी लीडरशीप, टेक्नोलॉजिकल एम्पावरमेंट, रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ाने के साथ ही अन्य विषयों पर भी अपने विचार रखेंगे।

Dainik Bhaskar (Indore), 24.08.2018, City Bhaskar, Page-17